GSEB Std 10 Hindi Textbook Solutions Chapter 15 हे जनशक्ति महान !

GSEB Class 10 Hindi Solutions 15 हे जनशक्ति महान ! Textbook Questions and Answers

स्वाध्याय

1. निम्नलिखित प्रश्नों के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर खाली जगह भरिए :

प्रश्न 1.
जनशक्ति की चेतना द्वारा भारत में .... लाना चाहिए ।
(अ) नवचेतना
(ब) परिवर्तन
(क) महाक्रांति
(ड) नवयुग
उत्तर :
(अ) नवचेतना

प्रश्न 2.
हम हैं नवयुग के .... ।
(अ) निर्माता
(ब) वाहक
(क) अग्रदूत
(ड) पहरेदार
उत्तर :
(क) अग्रदूत

2. निम्नलिखित प्रश्नों के दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

प्रश्न 1.
कवि ने जनशक्ति को संबोधित करते हुए क्या कहा है ?
उत्तर :
कवि ने जनशक्ति को जगाने का आहवान किया है। उन्होंने जनशक्ति को संबोधित करते हुए कहा है कि वह खुद जायत हो जाए और दूसरों को भी जागरूक करे, ताकि लोगों में चेतना पैदा की जा सके और पृथ्वी पर नए स्वर्ग की रचना हो तथा लोग उसमें सुख-शांति से रहें।

प्रश्न 2.
महाजागरण गर्जन से किसकी प्राप्ति होगी ?

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

उत्तर :
कवि कहते हैं कि हमें इस धरती पर स्वर्ग की रचना करनी है इसीलिए हमें महाजागरण का महान अभियान चलाना है। इससे हम लोगों में लगातार चेतना लाकर किसानों-मजदूरों को जागृत करेंगे। इस प्रकार महाजागरण गर्जन से देश में चेतना आएगी।

प्रश्न 3.
हम नवयुग के अग्रदूत कैसे बन सकते हैं ?
उत्तर :
हम लोगों के दिलों से असंतोष की भावना दूर करके उनमें संतोष के भाव पैदा करेंगे। पृथ्वी पर हम लोगों को स्वर्ग जैसी सुविधा प्रदान करेंगे। हम उन्नति के पथ पर आगे बढ़ते हुए लोगों का मार्गदर्शन करके नवयुग के अग्रदूत बन सकते हैं।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के सविस्तार उत्तर लिखिए :

प्रश्न 1.
कवि ने मजदूर एवं किसान को क्या प्रेरणा दी है ?
उत्तर :
किसान और मजदूर अपनी मेहनत से खेतों में अन्न उपजाते हैं और कल-कारखानों में तरह-तरह की वस्तुओं का निर्माण करते हैं, जिससे जनता का काम चलता है। कवि ने किसान और मजदूर के श्रम की वंदना कर उन्हें जाग्रत होने की प्रेरणा दी है।

प्रश्न 2.
'हे जनशक्ति महान' गीत के माध्यम से कवि ने जनमानस को क्या संदेश दिया है ?
उत्तर :
'हे जनशक्ति महान!' गीत के माध्यम से कवि ने जनमानस को जागने और दूसरों में जागरूकता पैदा करने का संदेश दिया है। वे पृथ्वी पर ऐसी दुनिया का निर्माण करना चाहते हैं, जिसमें लोग सुख-सुविधा के साथ शांतिपूर्ण ढंग से रह सकें। वे लोगों में समानता की भावना का प्रसार करना चाहते हैं।

4. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :

प्रश्न 1.

1. अविराम - ....
2. मेधा - ....
3. अभिमान - ....
4. जलधि - ....

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

उत्तर :

1. अविराम - अविरत
2. मेधा - बुद्धि
3. अभिमान - घमंड
4. जलधि- सागर

5. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :

प्रश्न 1.

1. संतोष × ....
2. निर्माण × ....
3. प्रकाश × ....
4. विजय × ....

उत्तर :

1. संतोष × असंतोष
2. निर्माण × विनाश
3. प्रकाश × अंधकार
4. विजय × पराजय

6. निम्नलिखित शब्दों की संधि-विच्छेद कीजिए :

प्रश्न 1.

1. उन्नति
2. नाविक
3. विजयोन्मादी

उत्तर :

1. उन्नति = उत् + नति
2. नाविक = नौ + इक
3. विजयोन्मादी = विजय + उन्मादी

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in